# भारतीय जनता पार्टी

(केंद्रीय कार्यालय)
6ए, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली

दिनांक: 15 मई 2024, बुधवार

## केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह द्वारा पश्चिम बंगाल के हुगली में जनसभा में दिए गए उद्बोधन के मुख्य बिन्दु

**भ्रष्ट और अपराधियों को ममता दीदी कहीं भी छिपा लें, भाजपा उनको सजा दिलाकर रहेगी**

************

**तुष्टीकरण के लिए ममता दीदी राम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा में नहीं गईं, लेकिन मौलवियों के साथ सद्भावना यात्रा में चली गईं**

************

**ममता दीदी चाहे जितना जोर लगा लें, लेकिन हम एक-एक शरणार्थी को नागरिकता देंगे**

************

**मोदी जी द्वारा बंगाल के लिए भेजे गए चावल को दीदी का सिंडिकेट खा गया**

************

**मोदी सरकार में कश्मीर में नहीं, PoK में आजादी के नारे लग रहे हैं**

************

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता श्री अमित शाह ने आज बुधवार को पश्चिम बंगाल के हुगली में जनसभा को संबोधित करते हुए आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हुए विकास कार्यों को रेखांकित किया एव कांग्रेस और तृणमूल कांग्रेस के कुशासन और वर्षों तक देश में व्याप्त भ्रष्टाचार की जमकर आलोचना की। कार्यक्रम के दौरान पूर्व मध्यप्रदेश कैबिनेट मंत्री व हुगली लोकसभा प्रभारी श्री भूपेन्द्र सिंह, श्रीरामपुर लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी श्री कबीर शंकर बोस, जिलाध्यक्ष श्री मोहन चंद अटक सहित अन्य नेतागण मंच पर उपस्थित रहे।

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि **यह चुनाव दो खेमों के बीच है। एक ओर, परिवारवादी पार्टियां है, जिसमें ममता बनर्जी अपने भतीजे को मुख्यमंत्री बनाना चाहती हैं, शरद पवार अपनी बेटी को मुख्यमंत्री बनाना चाहते हैं, उद्धव ठाकरे अपने बेटे को मुख्यमंत्री बनाना चाहते हैं और सोनिया गांधी राहुल गांधी को प्रधानमंत्री बनाना चाहती हैं। वहीं दूसरी ओर, गरीब चाय वाले के घर पर जन्मे इस देश के महान नेता आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी हैं।** यह जनता को फैसला करना है कि इस देश की बागडोर किसको सौंपनी है। **एक तरफ 12 लाख घपले-घोटाले करने वाले इंडी एलायंस के भ्रष्टाचारी लोग हैं और दूसरी तरफ 23 साल तक मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री रहने के बावजूद 25 पैसे का भी आरोप नहीं है। एक ओर थोड़ी गर्मी बढ़ते ही छुट्टी मनाने के लिए विदेश जाने वाले राहुल गांधी हैं और वहीं दूसरी ओर 23 वर्षों से एक भी छुट्टी नहीं लेने वाले और सैनिकों के साथ दिवाली मनाने वाले आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी हैं।** श्री कबीर शंकर बोस को दिया हुआ एक-एक वोट आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए जाएगा। यह जनता को तय करना है कि **उन्हें खुद को करोड़पति बनाने वाला इंडी गठबंधन चाहिए या 3 करोड़ लखपति दीदी बनाने वाले प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी चाहिए, इंडी गठबंधन की चीनी गारंटी चाहिए**

**या आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के मजबूत वादे चाहिए, घुसपैठिए चाहिए या सीएए से शरणार्थीयों को नागरिकता देने वाले आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी चाहिए, *वोट फॉर जिहाद* चाहिए या *वोट फॉर विकास* चाहिए।**

श्री शाह ने कहा कि यह भाजपा की गारंटी है श्री कबीर शंकर बोस के जीतने के बाद बंगाल में घुसपैठिए छोड़िए, एक परिंदा भी पर नहीं मार पाएगा। **आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के तीसरी बार जीतने के बाद सिंडीकेट पर लगाम लगाएंगे, माफियाराज खत्म और कटमनी को भी समाप्त करने का काम किया जाएगा।** कांग्रेस, वामपंथी और तृणमूल कांग्रेस ने राम मंदिर निर्माण को पिछले 70 वर्षों से अधर में लटका रखा था लेकिन **माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने अपने कार्यकाल में न्यायालय के माध्यम से राम मंदिर का मार्ग प्रशस्त भी किया, भूमि पूजन भी किया और 22 जनवरी भगवान श्री राम की भव्य प्राण-प्रतिष्ठा कर दी। लेकिन ममता बनर्जी मुल्ला और मौलवियों के साथ मिलकर यहाँ सद्भावना यात्रा निकाल रही थी।** कांग्रेस और तृणमूल कांग्रेस ने तुष्टीकरण की राजनीति के चलते राम मंदिर के प्राणप्रतिष्ठा समारोह का भी बहिष्कार किया। कश्मीर भारत का अखंड हिस्सा है लेकिन ममता बनर्जी और कांग्रेस का कहना है कि धारा 370 को नहीं हटाना चाहिए, यहाँ खून की नदियां बह जाएंगी, लेकिन उन्हें यह समझ लेना चाहिए कि यह श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व वाली मजबूत सरकार है, खून की नदियां छोड़िए यहाँ किसी में एक कंकड़ मारने का भी साहस नहीं है। आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने धारा 370 को समाप्त कर के कश्मीर को भारत का एक अभिन्न अंग बना दिया।

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने बताया कि **जब इंडी अलायंस का शासन था, तो हमारे कश्मीर में हड़तालें होती थी। आज मोदी जी के प्रभाव से कश्मीर का जो हिस्सा भारत में है उसमें हड़तालें नहीं, बल्कि सिर्फ पाक अधिकृत कश्मीर में हड़तालें होती हैं। पहले भारत के कश्मीर में आजादी के नारे लगते थे अब पाक अधिकृत कश्मीर में नारे लगते हैं। पहले भारत के कश्मीर में पत्थरबाजी होती थी लेकिन अब सिर्फ पाक अधिकृत कश्मीर में पत्थरबाजी होती है।** हमारे कश्मीर में 2 करोड़ 11 लाख पर्यटकों ने कश्मीर जाकर एक नया रिकार्ड बनाया और पाक अधिकृत कश्मीर में आटें के भाव ने रिकार्ड बना दिया है। "**पाक अधिकृत कश्मीर की बात मत करो क्योंकि पाकिस्तान के पास एटम बम है", यह बताकर मणिशंकर अय्यर और फारूख अब्दुल्ला जैसे लोग देश को डराने का काम कर रहे हैं। मैं आज कहता हूं कि राहुल बाबा और ममता जी आपको डरना है तो डरिए लेकिन पाक अधिकृत कश्मीर हमारा है और हम उसे लेकर रहेंगें।**

श्री शाह ने कहा कि **बांग्लादेश से जो हिंन्दु, बौद्ध,सिख और जैन शरणार्थी आए हैं, उन्हें भारत की नागरिकता देना ममता जी को पसंद नहीं है लेकिन उनको रोहिंग्या घुसपैठिए पसंद हैं उन्हें नागरिकता दे दी है। मेरा ममता जी और उनके भतीजे से कहना है कि आप पूरा जोर लगाकर देख लो लेकिन हम एक-एक शरणार्थियों को भारत की नागरिकता देकर रहेंगे।** श्री शाह ने बताया कि सत्यजीत रे बहुत बड़े फिल्म कलाकार थे और उन्होंने एक बहुत प्रसिद्ध फिल्म बनाई थी ***"हिरक राजार देशे"*** और जब ममता जी का शासन आया, तब वो नहीं थे वरना हिरक राजार देशे की जगह "***हिरक रानी"*** नाम की फिल्म बनाते। हिंसा, भ्रष्टाचार और तुष्टीकरण जो बंगाल वंदे मातरम बनाया, जो बंगाल जन गण मण दिया, जिस बंगाल ने आजादी के आंदोलन में प्रमुख भूमिका निभाई उस बंगाल से राष्ट्रभक्ति को खत्म करने का काम कम्यूनिस्ट और तृणमूल कांग्रेस ने किया है। **ममता ने गरीबों, पिछड़ों और आदिवासियों का हक मारकर घुसपैठियों को देने का काम किया है।** गत विधानसभा चुनाव के बाद इन लोगों ने 53 लोगों को मार दिया था। हमारे प्रत्याशी कबीर शंकर बोस ने खुद के पैसों से ममता के हिंसा और अत्याचार के शिकार हुए एक एख परिवार को सुप्रिम कोर्ट से न्याय दिलाने का काम किया है और इसीलिए भाजपा ने इस युवा प्रत्याशी को टिकट दिया है।

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि **मां,माटी और मानुष के नारे के साथ ममता दीदी सत्ता में आई थी, लेकिन मां, माटी और मानुष का नारा तो गुम हो गए और मुल्ला, मदरसा और माफिया का नारा आज बंगाल की जमीन पर है। हाईकोर्ट के मना करने के बावजूद भी वक्फ बोर्ड के द्वारा इमाम और मुल्लाओं को बंगाल की तिजोरी से सैलेरी देने का काम किया गया**। श्री शाह ने बताया कि बंगाल में रोहिंग्या घुसते हैं लेकिन ममता दीदी

नहीं रोकती हैं, राम मंदिर का विरोध करती है, दुर्गा विसर्जन की अनुमति नहीं देती हैं लेकिन रमजान में मुस्लिम कर्मचारियों को छुट्टी देती हैं। श्री अमित शाह ने कहा कि मुझे **ममता दीदी के रमजान पर छुट्टी दिये जाने से कोई दिक्कत नहीं है लेकिन दुर्गा पूजा में छुट्टी क्यों नहीं देती हैं इसका जवाब तो उन्हें देना पड़ेगा। ममता दीदी खुद संविधान की धज्जियां उड़ाती हैं और इनके टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी उपराष्ट्रपति जैसे संवैधानिक पद का मजाक उड़ते हैं।** खुद एक सासंद होते हुए उपराष्ट्रपति जैसे संवैधानिक पर का मजाक उड़ते हुए कल्याण बनर्जी को शर्म आनी चाहिए।

श्री शाह ने कहा कि आदरणीय मोदी जी ने पीएम किसान सम्मान निधि योजना के तहत हर किसान को 6000 रूपए प्रतिमाह दिया, लेकिन ममता दीदी इसमें से सिर्फ 1-2 हजार रूपए ही पहुंचने देती हैं। मोदी जी पूरे देश में 5 लाख तक का मुफ्त स्वास्थ्य बीमा दे रहे हैं लेकिन ममता दीदी आप तक इन्न योजनाओं  का लाभ पहुंचने नहीं देती हैं। श्रीरामपुर में ड्रेनभर जाता है, अंडरपास भर जाता है और ड्रेनेज रिपेयर नहीं होती है लेकिन दीदी के लोग भ्रष्टाचार करने में व्यस्त हैं। इनके नेता पार्थ चटर्जी के घर से 50 करोड़ रूपए मिलते हैं जो कि उन्होने श्रीरामपुर की जनता से घूस लेकर उठाया था और जब ईडी उनपर कार्रवाई करती है तो ममता दीदी कहती हैं कि ईडी का दुरूपयोग हो रहा है लेकिन ममता दीदी एक बात जान लीजिए जो भ्रष्टाचार करेगी उसे जेल जाने से कोई रोक नहीं सकता।

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने इस देश की जनता को वादा किया है कि 12 लाख करोड़ के घपले घोटाले करने वाले लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। फिर चाहे वह मामला गौ तस्करी, घुसपैठ, कोयला तस्करी या फिर खनन तस्करी का मामला क्यों ना हो, ममता बनर्जी  किसी भ्रष्टाचारी को संरक्षण दे नहीं पाएंगी। आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने श्रीरामपुर के लिए अनेकों विकास कार्य किए हैं, 2900 किलोमीटर ग्रामीण विकास सड़क बनाई, 80 हजार लोगों को घर दिया, 8 लाख लोगों को गैस का सिलिंडर दिया, मनरेगा में 12 लाख लोगों को रोजगार दिया। वाराणसी-रांची-कलकत्ता 6 लेन एक्सप्रेसवे शुरू किया गया, उलुबेरिया रेलवे स्टेशन क्रॉसिंग पर अन्डर पास बनाया, दिल्ली से हावड़ा हाई-स्पीड बुलेट ट्रेन का कॉरीडोर और 2 वंदे भारत ट्रेन हावड़ा से जलपाईगुड़ी और हावड़ा से जगन्नाथ पूरी के लिए शुरू की गई हैं, हावड़ा मैदान से सॉल्ट लेक तक नई मेट्रो बनाने का काम, संतरा गाची रेलवे स्टेशन पर 3 ट्रैक डालना और हावड़ा रेलवे संग्राहलय का निर्माण किया गया। **आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने हर गरीब को 5 किलो अनाज निःशुल्क मुहैया करवाया है। लेकिन ममता बनर्जी आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा भेजे गए अनाज पर अपनी तस्वीर लगाकर जनता के बीच भ्रम का माहौल पैदा कर रही है। ममता बनर्जी आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा भेजा गया चावल अपने सिंडीकेट के बाजार में बेच देती है।**

श्री शाह ने ममता बनर्जी से सवाल पूछे कि 10 साल तक वे केंद्र सरकार में रहीं, सोनिया-मनमोहन सरकार में उनके लोग मंत्री रहे, लेकिन पश्चिम बंगाल के विकास के लिए उन्होंने क्या किया है? बंगाल के विकास के लिए सोनिया-मनमोहन सरकार ने केवल 2 लाख करोड़ रुपए दिए थे, लेकिन आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने पिछले 10 वर्षों में उस राशि को बढ़ाकर 9 लाख 25 हजार करोड़ रुपए कर दिया। श्री शाह ने जनता से श्री कबीर शंकर बोस को विजयी बनाने और 400 से ज्यादा सीटों पर कमल खिला कर आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी को तीसरी बनाने की अपील की।

*************************